




नवभारत
सतना, सोमवार 22 सितम्बर, 2025


# नशे से दूर रहते हुए स्वस्थ एवं तनाव मुक्त जीवन जीने का संकल्प ले : शुक्ल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 सितम्बर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि युवाओं को स्वस्थ रहते हुए नशे से दूर रहकर तनाव मुक्त जीवन जीने का संकल्प लेना है. सुबह जल्दी उठें, शारीरिक व्यायाम करें तदुपरांत अपने दैनिक कार्यों को तनावमुक्त होकर करें. उप मुख्यमंत्री ने नमो युवा रन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया.**

रीवा मुख्यालय में आयोजित युवा रन में हजारों की संख्या में युवाओं ने सहभागिता की. एनसीसी मैदान से आरंभ हुई युवा मैराथन शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरती हुए एनसीसी मैदान में समाप्त हुई. उप मुख्यमंत्री भी नमो युवा रन में शामिल हुए. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है इस दौरान विभिन्न रचनात्मक कार्य होंगे ताकि हम सभी इसे अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल कर सकें. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि फिट इंडिया में सभी स्वस्थ व स्फूर्तवान रहें. नमोयुवा रन के माध्यम से शहर व जिलेवासियों में यह संदेश जायेगा कि वह स्वस्थ रहने के लिये व्यायाम व दौड़ में भाग लें. श्री शुक्ल ने दौड़ेगा रीवा दौड़ेगा भारत का नारा दिया. उन्होंने कहा




कि नशे से बचाव के लिये युवा आगे आयें. स्वयं भी नशा न करें व नशे करने वालों की सूचना दें ताकि उनका नशा छुड़ाया जा सके. श्री शुक्ल ने कहा कि जिले में नशा का कारोवार करने वाले जेल में हैं. रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, नमो युवा रन आदि का आयोजन उसी कड़ी में किया गया. आने वाले दिन में प्रबुद्धजनों से संवाद किया जायेगा. नमो युवा रन में प्रधानमंत्री जी का संदेश सुना गया. कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के उद्देश्य से कराटे का प्रदर्शन किया गया. इस अवसर पर विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, पूर्व विधायक पंचूलाल प्रजापति, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, रावेन्द्र मिश्रा, आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, ज्ञानेन्द्र शुक्ला, शिवेन्द्र पाण्डेय, संभागीय खेल अधिकारी एम.के. धोलपुरी सहित बड़ी संख्या में शहरवासी व छात्र-छात्राएँ एवं युवा उपस्थित रहे.

### युवा स्वस्थ रहने के लिए नशे से दूर रहें : जनार्दन

इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि युवा स्वस्थ, फिट व नशे से दूर रहें. प्रधानमंत्री जी की पहल है कि देश के युवा अनुशासित व नशे से दूर रहकर अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिये जागरूक करें. पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्त ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस से आरंभ सेवा पखवाड़ा में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है.

# शारदीय नवरात्रि पर्व : हाथी पर सवार होकर आएंगी मातारानी

## घट पूजन के साथ नवरात्रि आज से, ढ़ोल नगाड़े के साथ उठाई गई प्रतिमा, जगह-जगह होगा गरबा डांडिया

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 सितम्बर, शारदेय नवरात्रि नवरात्रि सोमवार से शुरू होने जा रही है. घट पूजन के साथ दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी. इस बार माता रानी हाथी पर सवार होकर आएंगी. दिन भर प्रतिमा उठाने का दौर जारी रहा. ढ़ोल नगाड़े के साथ जयकारे लगाते लोग दुर्गा प्रतिमाएं लेकर निकले.**

शुभ मुहूर्त में स्थापना के बाद दस दिन तक माता रानी की उपासना की जाएगी. दुर्गा पंडाल सज कर तैयार हो गए है, वही जगह-जगह भक्ति जागरण के साथ गरबा डांडिया का भी आयोजन किया जायेगा. शारदेय नवरात्रि को लेकर तमाम तैयारियां पूरी हो चुकी है. सुबह से प्रतिमा उठाने का दौर जारी रहा. देर रात तक माता रानी के



जयकारे लगते रहे. इस बार कई योग के साथ नवरात्रि पड़ रही है. बाजार गुलजार है पूजन सामग्री से लेकर नारियल तक के दाम बढ़ गये है. इस बार प्रतिमाएं भी मंहगे दाम पर बिकी है, मूर्ति बनाने वालो की चांदी रही. शारदेय नवरात्रि को लेकर लोगो में भक्ति का उत्साह है.

दस दिन तक शहर से लेकर गांव तक भक्ति का वातावरण बना रहेगा. अधिकांश लोगो ने रविवार को प्रतिमाएं उठाई, जबकि कुछ लोगो ने शनिवार को ही दुर्गा प्रतिमाएं उठा लिये थे. शहर के अंदर कई जगह भव्य पंडाल के साथ प्रतिमाएं रखी गई है. खासकर खन्ना चौराहा स्थित पंडाल इस बार भी आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है.

**माँ कालिका के दर्शन करने उमड़ेगें भक्त** -शारदेय नवरात्रि के अवसर पर रानी तालाब स्थित माँ कालिका के दर्शन के लिये दूरदराज से भक्त पहुंचते है. यहा पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है. प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था और तैयारियों का जायजा लिया.

दरअसल माँ कालिका के दर्शन के साथ यहा भक्तो का मेला लगता है. सुबह से लेकर देर रात तक माता रानी के दर्शन के लिये भक्तो का ताता लगा रहता है. अष्टमी या नवमी के दिन सबसे ज्यादा भीड़ होती है. सुरक्षा व्यवस्था के बीच भक्त यहा माँ कालिका के दर्शन करेगे.

# राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता आज से

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 सितम्बर, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 22 सितंबर से 26 सितंबर तक आयोजित की जा रही 69वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 22 सितंबर को करेंगे.**

शासकीय मार्तण्ड उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक एक एवं तीन के मैदान में दोपहर 2 बजे से आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद जनार्दन मिश्र करेंगे.

जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती नीता कोल, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्ता, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे तथा सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर उपस्थित रहेंगे. जिला शिक्षा अधिकारी रामराज प्रसाद मिश्र ने बताया कि 17 वर्ष तक आयु के बालक और बालिका वर्ग में वालीबाल प्रतियोगिता में भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, जबलपुर, सागर, ग्वालियर, शहडोल तथा रीवा संभाग की टीमें और जनजातीय कार्य विभाग की टीम शामिल होगी.

# पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए शिविर आज से

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 सितम्बर, संभागीय पेंशन कार्यालय रीवा में 22 से 24 सितम्बर तक रीवा और मऊगंज जिलों के लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं.**

संभागीय पेंशन अधिकारी टीएन टेकाम ने बताया कि शिविर में 30 सितम्बर 2025 तक सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा. सभी आहरण संवितरण अधिकारी लंबित पेंशन प्रकरणों के साथ शिविर में शामिल होकर लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण कराएं.

पेंशन प्रकरणों में यदि किसी तरह की कमी है तो उसकी पूर्ति भी शिविर में कराएं, ताकि प्रकरणों का निराकरण हो.

## संक्षिप्त



### उप मुख्यमंत्री ने प्रतिभाशाली आयुषी को दी बधाई

**रीवा.** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा की प्रतिभाशाली बेटी आयुषी वर्मा को बधाई दी. उन्होंने आयुषी के निवास पहुंचकर उसका अंगवस्त्रश्रम से सम्मान किया तथा उसके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी. उल्लेखनीय है कि आयुषी ने एसएससीडब्ल्यू (टेक्निकल) प्रवेश परीक्षा में देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा यूपीएससी की सीडीएस परीक्षा में देश में 24वां स्थान प्राप्त कर अद्वितीय उपलब्धि हासिल की.

### उप मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**रीवा.** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने स्वर्गीय इंजीनियर बी.डी. पटेल के निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शोक संवेदना व्यक्त की. उन्होंने स्वर्गीय पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी तथा उनकी पुण्य स्मृतियों को नमन किया.

### दिशा समिति की बैठक आज

**रीवा.** जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की द्वितीय त्रैमास बैठक 22 सितंबर को सांसद जनार्दन मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित की गयी है. कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में सुबह 10.30 बजे से आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आरआरआरडीएस योजना, उच्च शिक्षा विभाग अन्तर्गत रूसा की प्रगति, पीएमजीएसवाई तथा स्कूलों व आंगनवाड़ी केन्द्रों में मुनगा वृक्षारोपण के संबंध में चर्चा की जायेगी.

### सेवा पखवाड़े में होगें अलग-अलग कार्यक्रम

**रीवा.** सेवा पखवाड़े में विभिन्न विभाग 22 सितंबर को अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन करेंगे. उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालयों में सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं. जबकि जनजातीय कार्य विभाग द्वारा छात्रावासों में विकसित भारत विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा. इसी क्रम में महिला बाल विकास द्वारा पोषण और स्वच्छता से संबंधित कार्यक्रम के तहत 22 सितंबर को परियोजना स्तर पर 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के प्रशिक्षण के लिए मार्गदर्शन कार्यशाला तथा सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों को रोचक कहानी सुनने के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे.

### टीएल बैठक आज

**रीवा.** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 22 सितंबर को सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों सहित अन्य विषयों की समीक्षा की जायेगी. सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं.



### स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में की गयी साफ-सफाई

**रीवा.** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत लक्ष्मणबाग स्थित गौशाला में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा गौशाला की साफ-सफाई की गयी. भारतीय रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी के निर्देशन में राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, पीयूष कुमार मिश्रा, आशोक श्रीवास्तव, संजय शुक्ला तथा अंकित मिश्रा आदि ने गौशाला में आयोजित सफाई अभियान में अपनी सहभागिता निभाई.




विश्व सांकेतिक भाषा दिवस कार्यक्रम को सम्बोधित करते उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल

# दिव्यांग बच्चे किसी से कम नहीं, जरूरत है इनका हौसला बढ़ाने की : राजेन्द्र

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 सितम्बर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि दिव्यांग बच्चे किसी से कम नहीं हैं जरूरत है कि इनका हौसला बढ़ाया जाय. दिव्यांग बच्चे वो सब कर सकते हैं जो सामान्य इंसान करता है.**

उप मुख्यमंत्री ने विश्व सांकेतिक भाषा दिवस कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित किया. माखनलाल चतुर्वेदी संचार एवं पत्रकारिता विश्वविद्यालय रीवा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने हर क्षेत्र में, हर वर्ग के लिए कार्य किया है. उन्होंने विकलांग शब्द की जगह दिव्यांग कहकर इन्हें समाज में सम्मानित किया. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों को मुख्यधारा में लाने के लिए निरंतर कार्य किये जा रहे हैं. उन्होंने दिव्यांगजनों के उत्थान के लिए किये जाने वाले विभिन्न कार्यों पर अपनी सहमति व्यक्त की. इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि सांकेतिक भाषा के सृजनकर्ता धन्यवाद के पात्र हैं जिससे इस भाषा ने मूक बधिरों को आत्मनिर्भर बनाते हुए समानता से जीने का अधिकार दिया. प्रधानमंत्री जी आत्मनिर्भर भारत के तहत सांकेतिक भाषा के लिए सतत प्रयासरत हैं. श्री मिश्र ने दिव्यांगजनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इन्हें समाज के किसी भी क्षेत्र में पिछड़ने न दिया जाय. कार्यक्रम में मूक बधिर छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दी गयीं. दुबई में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता रहे दिव्यांग खिलाड़ी जयदीप सिंह व रोहित चतुर्वेदी को सम्मानित किया गया. दिव्यांग बच्चों ने प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन और सेवा पखवाड़ा मनाये जाने के उपलक्ष्य में केक काटकर अतिथियों तथा एक दूसरे का मुंह मीठा कराया. कार्यक्रम में पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, प्रो. जयराम शुक्ला, राजेश पाण्डेय, सतीश सिंह सहित विन्ध्य बधिर संगठन के सदस्य तथा दिव्यांग बच्चे उपस्थित रहे.

# फिटनेस का डोज, आधा घण्टा रोज अभियान के तहत साइकिल रैली

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 21 सितम्बर, मऊगंज जिला मुख्यालय में सेवा पखवाड़ा के तहत फिट इंडिया अभियान अन्तर्गत साइकिल रैली का आयोजन किया गया.**

फिटनेस का डोज, आधा घण्टा रोज अभियान में नगर परिषद अध्यक्ष बृजवासी पटेल ने हरी झण्डी दिखाकर साइकिल रैली को रवाना किया. साइकिल रैली शहीद केदारनाथ महाविद्यालय से आरंभ होकर




कलेक्ट्रेट परिसर में समाप्त हुई. कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कहा कि साइकिल चलाने से तन और मन स्वस्थ रहता है तथा पर्यावरण भी स्वच्छ होता है. स्वच्छता के साथ-साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं. स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से महिलाओं, बच्चों, वृद्धजनों व आम नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच व स्क्रीनिंग की जा रही है.

उन्होंने कहा कि सभी को अपने घर के आसपास साफ-सफाई रखना चाहिए. लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं.

# हेमू कालाणी चौक में महाप्रसाद का वितरण 23 को

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 सितम्बर, श्री योग वेदान्त सेवा समिति के साधक राकेश गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष भी संत आशाराम बापू का 62 वां आत्मसाक्षात्कार दिवस सत्संग के उपरांत धूमधाम से मनायाजायेगा.**

23 सितम्बर को शास्त्री सिंधी धर्मशाला में सत्संग के उपरांत संकीर्तन यात्रा निकाली जायेगी.

12 दिन बजे से शास्त्री नगर हाल से सिरमौर चौराहा एवं कालेज चौराहा, जय स्तम्भ, व्यंकट रोड, घोड़ा चौराहा से शिल्पी प्लाजा, स्वागत भवन अमहिया होते हुये सत्संग भवन वापस साथ ही हेमू कालाणी चौक में महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा. कैलाश आहूजा अध्यक्ष सभी से पहुंचने की अपील की है.




पुण्य तिथि के अवसर पर स्व. सचिन द्विवेदी को दी जा रही श्रद्धांजलि

# कचरा गाड़ी में कचरा देने लोगों को किया जागरूक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 सितम्बर, नगर निगम द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता और नशा मुक्ति की जागरूकता को लेकर लगातार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है एवं ''स्वच्छता ही सेवा अभियान''को लेकर स्वच्छता संवाद आयोजित किये जा रहे हैं.**

इस क्रम में निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देश पर 21 सितम्बर को वार्ड क्रमांक 09 सुंदर नगर एवं वार्ड क्रमांक 22



शास्त्री नगर शिव मंदिर के पास रहवासी क्षेत्र में जाकर स्वच्छता संवाद बैठक का आयोजन किया गया. इस दौरान उपस्थित सभी नागरिकों को स्वच्छता एवं नशामुक्ति के विषय में जानकारी दी गई. इसके साथ ही घरों से निकलने वाले कचरे को अलग अलग डस्टबिन में रखने एवं डोर टू डोर कचरा वाहन में देने के लिए प्रेरित किया गया तथा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध के विषय में जानकारी दी गई साथ ही गीले कचरे से घर पर ही होम कम्पोस्टिंग द्वारा खाद बनाये जाने की जानकारी दी गई. सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम एवं अपने आसपास के परिसर में साफ सफाई बनाए रखने की अपील की गई. इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 38 सिंधी कालोनी में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत विशेष स्वच्छता रंगोली का आयोजन किया गया. रंग-बिरंगी रंगोलियों के माध्यम से कॉलोनी मे रहने वाले नागरिकों को स्वच्छता को अपनाने का संदेश दिया गया.

# युवा एकता परिषद के संस्थापक स्व. सचिन के कार्यो को याद कर दी गई श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 सितम्बर, आज युवाओं को देश का भविष्य कहा जाता है, जब वही युवा सामाजिक दायित्व का बेड़ा उठाने लगे तो निश्चित ही एक सशक्त राष्ट्र की कल्पना की जा सकती है.**

कम उम्र में सामाजिक कार्यो से एक नई दिशा देने वाले युवा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई. युवा एकता परिषद के संस्थापक युवा आइडल स्वर्गीय सचिन द्विवेदी बेउहर भैया की सातवीं पुण्यतिथि के पर जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए. पंडित यमुना प्रसाद शास्त्री नेत्रहीन एवं मूकबधिर विद्यालय में वृक्षारोपण किया गया. इसके बाद पंडित यमुना प्रसाद शास्त्री की की प्रतिमा में माल्यार्पण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किया गया. तत्पश्चात बेउहर भैया की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर स्वरांजलि के माध्यम से आत्मीय श्रद्धांजलि अर्पित की. इसी कड़ी में दिव्यांग बच्चे बच्चियों को स्वल्पाहार, मिष्ठान व फल वितरण गया. युवा एकता परिषद के मुखिया पंडित सचिन शर्मा सूर्या ने बेउहर भैया को याद करते हुए कहा की जिस प्रकार मानव का जन्म निर्धारित है उसी प्रकार मृत्यु भी निश्चित है. मरना तो एकदिन सभी को है पर जब तक जीवित हैं अपने संबंधों व उसके महत्व को समझने व उसे निभाने की आवश्यकता है. कलयुग में बेउहर भैया जैसे मित्र दोस्ती के लिए एक मिसाल हैं जिनकी कमी को कभी भी पूरा नहीं किया जा सकता. बेउहर भैया की सातवीं पुण्यतिथि पर सभी ने बेउहर भैया द्वारा किए गए कार्यों को याद करते हुए उन्हें नमन किया. इस दौरान युवा एकता परिषद के मार्गदर्शक मंडल से नरेन्द्र द्विवेदी, बघेली गायक सुधीर पाण्डेय, शिक्षक शंकर मिश्रा, सुतेन्द्र शर्मा, डॉ. एके पाण्डेय, प्राशू तिवारी एवं सोनू तिवारी उपस्थित रहे. कार्यक्रम के संयोजक निखिल शुक्ला ने बेउहर भैया को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा की हम सब एक ऐसे युवा आइकॉन की याद में प्रतिवर्ष पुण्यतिथि पर ऐसे कार्यक्रम का आयोजन करते हैं. कार्यक्रम में युवा एकता परिषद के संरक्षक पंडित सचिन शर्मा सूर्या,आनंद शुक्ला अनंत, विवेक द्विवेदी, शिवम समदरिया, युवा पत्रकार सतेन्द्र तिवारी,हृदेश गोलू, मोहित, रिषी, नृपेन्द्र, अमन, दीपेश, अमित मौजूद रहे.